वन अनुसंधान संस्थान में हिन्दी पखवाड़ा-2020 का शुभारंभ

वन अनुसंधान संस्थान, देहरादून में विगत वर्षों की भाँति राजभाषा हिन्दी के प्रचार-प्रसार हेतु दिनांक 01 से 14 सितंबर, 2020 तक हिंदी पखवाड़े का आयोजन किया जा रहा है। आज दिनांक 01 सितंबर 2020 को प्रातः 11.00 बजे हिन्दी निबंध प्रतियोगिता के आयोजन के साथ हिन्दी पखवाड़े का शुभांरभ किया गया जिसमें संस्थान के अधिकारियों एवं कार्मिकों ने भाग लिया।

प्रतियोगिता के उदघाटन सत्र में हिन्दी अनुभाग के सहायक निदेशक (राजभाषा) श्री शंकर शर्मा ने संस्थान के कुलसचिव श्रीमती नीलिमा शाह, भा.व.से. सहित उपस्थित प्रतिभागियों एवं निर्णायक मंडल के सम्मानीय सदस्यों का स्वागत किया। स्वागत सम्बोधन के उपरांत 31/08/2020 को दिवंगत पूर्व राष्ट्रपति एवं भारत रत्न से सम्मानित स्व. प्रणब मुखर्जी को श्रद्धांजलि देते हुए एक मिनट का मौन रखा गया। इसके पश्चात श्रीमती नीलिमा शाह, कुलसचिव महोदया ने अपने संबोधन में पखवाड़े में आयोजित होने वाले प्रतियोगिताओं के बारे में संक्षिप्त जानकारी दी तथा राजभाषा हिन्दी के महत्त पर ज़ोर देते हुए प्रतिभागियों से प्रतियोगिताओं में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने के लिए प्रे रित किया। प्रतियोगिता का संचालन डॉ. अजय ठाकुर, वैज्ञानिक-एफ़, डॉ. पी. के. वर्मा , वैज्ञानिक-सी एवं डॉ. परमानन्द कुमार , वैज्ञानिक-सी ने किया।

संस्थान में पखवाड़े की शेष अन्य प्रतियोगिताएं जैसे कि "हिन्दी टंकण", "प्रारूप् एवं टिप्पण लेखन" का आयोजन क्रमशः 03-09-2020, 08-09-2020 को किया जाएगा तथा "स्वरचित कविता प्रतियोगिता" के लिए प्रविष्टियाँ दिनांक 01.09.2020 से 08.09.2020 के अंतर्गत ऑनलाइन आधार पर hindiofficer@icfre.org पते पर प्रेषित की जानी है। हिन्दी पखवाड़े के दौरान ही दिनांक 07.09.2020 को एक दिवसीय हिन्दी प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित की जाएगी। पुरस्कार विजेताओं को दिनांक 1 4.09.2020 को हिन्दी दिवस के दिन पुरस्कृत किया जाएगा।